लिए अंशदान देने की अपील की गयी थी। इस पत्र को केवल माध्यम एककों और मंत्रालय के मुख्य सचिवालय के अधिकारियों/अनुभागों के नाम सूचनार्थ और आवश्यक कार्रवाई के लिए परिचालित किया गया था। इस पर कोई अनुवर्ती कार्रवाई नहीं की गयी।

(ग) यह सवाल पैदा ही नहीं होता।

(घ) सूचना और प्रसारण मंत्रालय को ऐसे किसी संग्रह की जानकारी नहीं है।

Advertisements to Star T.V.

3969. KUMARI SAYEEDA KHA-TUN: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the news report which appeared in the Hindustan Times of 20th February, 1992 under the caption "Indian ads. Worth $3 million is going to Star T.V.", if so what steps Government are taking to stop it; and

(b) what are its implications on Doordarshan ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS): (a) and (b) The said news items only refers to'Star TV getting advertisements from countries other than India. This has no bearing on Doordarshan nor is any action called for in

पैन-एशियन कंपनी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय उपग्रह नेटवर्क शुरु किया जाना

3970. **कुमारी सईदा खातून**: क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पैन-एशियन कम्पनी ने 14 अक्तूबर, 1991 को बी. बी. सी. वर्ल्ड सर्विस टेलीविजन के अन्तर्गत दिल्ली, हांगकांग, न्यूयार्क, लन्दन और सात अन्य एशियाई देशों की राजधानियों को जोड़ने वाला अन्तर्राष्ट्रीय उपग्रह नेटवर्क शुरू किया है; और

(ख) क्या सरकार दूरदर्शन की विदेश सेवा शुरू करने का विचार रखती है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कु० गिरिजा व्यास): (क) बी० बी० सी० ने एशियासेट उपग्रह का इस्तेमाल करते हुए विश्व सेवा शुरू की है। दिल्ली हांग कांग, न्यूयार्क, लंदन तथा सात अन्य एशियाई देशों की राजधानियों को जोड़े जाने की उनकी योजना की सरकार को कोई जानकारी नहीं है।

(ख) जी, नहीं। तथापि, भारत के अंदर उपग्रह के जरिए ज्यादा क्षेत्र को कवर करने के लिए दूरदर्शन कार्यक्रमों के विस्तार से पड़ौसी देशों में भी कार्यक्रमों की पहुंच हो जाती है जहां उपयुक्त डिश एन्टीना से टेलीविजन पर कार्यक्रम प्राप्त किए जा सकते हैं।

भारत के विरुद्ध अधिप्रचार के लिए पाकिस्तान द्वारा विश्व बैंक कोष का उपयोग किया जाना

3971. **श्रीमती सुषमा स्वराज**: क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पाकिस्तान अपने टेलीविजन के जरिए भारत के विरुद्ध अधिप्रचार करने के व्यय को वहन करने के लिए विश्व बैंक कोष का उपयोग कर रहा है;

(ख) क्या सरकार ने इस मामले को विश्व बैंक के साथ उठाया है; यदि हां, तो उसके क्या परिणाम रहे हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?